Regarding need to start new high speed trains from Darbhanga-laid

श्री गोपाल जी ठाकुर (**दरभंगा**)**:** समस्तीपुर रेल मंडल अंतर्गत दरभंगा रेलवे स्टेशन, ए-1 क्लास स्टेशन की श्रेणी में आता है, जहां से समस्तीपुर मंडल को सर्वाधिक राजस्व प्राप्त होता है। वर्तमान में दरभंगा से देश के किसी भी महानगर व शहर के लिए कोई हाई स्पीड ट्रेन का परिचालन नहीं होता है। देश के प्रमुख महानगरों व शहरों में लाखों की संख्या में दरभंगा व मिथिला के लोग निवास करते है और प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग रोजगार, इलाज, शिक्षा, तीर्थाटन सहित अन्य कार्य को लेकर दरभंगा रेलवे स्टेशन से यात्रा करते है। गुजरते समय के साथ यात्रियों की बढ़ती संख्या एवं यात्रा में हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए मिथिला व उत्तर बिहार के केंद्र दरभंगा से देश के प्रमुख महानगरों व शहरों के लिए वंदे भारत, शताब्दी अथवा दुरंतो एक्सप्रेस जैसी नई हाई स्पीड ट्रेन का प्रतिदिन परिचालन प्रारंभ किया जाना अति आवश्यक हो गया है। मैं माननीय रेल मंत्री से आग्रह करता हूं कि मिथिला के केंद्र दरभंगा से यथाशीघ्र वंदे भारत, शताब्दी अथवा दुरंतो एक्सप्रेस जैसी नई हाई स्पीड ट्रेन का देश के प्रमुख महानगरों व शहरों के लिए प्रतिदिन परिचालन प्रारंभ किया जाए।